Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जैसलमेर में श्री कपिल पुत्र आशाराम जाति विश्नोई उम्र 24 वर्ष निवासी खेतोलाई तहसील पोकरण जिला जैसलमेर, दलाल (आरोपिया श्रीमती शारदा विश्नोई कम्प्यूटर ऑपरेटर संविदाकर्मी पीएचसी खेतोलाई के पति) द्वारा 1700/— रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 01 मार्च शनिवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी जैसलमेर द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए श्री कपिल पुत्र आशाराम जाति विश्नोई उम्र 27 वर्ष निवासी खेतोलाई तहसील पोकरण जिला जैसलमेर दलाल आरोपिया श्रीमती शारदा विश्नोई कम्प्यूटर ऑपरेटर संविदाकर्मी पीएचसी खेतोलाई के पति द्वारा परिवादी से क्लेम कार्य की प्रोत्साहन राशि के बिल वेरीफाई करने, कम्प्यूटर में अपलोड कर बिलो का भुगतान करने की एवज में 1700/— **रूपये** की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी जैसलमेर कों एक शिकायत इस आशय की मिली की परिवादी के क्लेम कार्य की प्रोत्साहन राशि के बिल वेरीफाई करने, कम्प्यूटर में अपलोड कर बिलो का भुगतान करने के एवज में श्रीमती शारदा विश्नोई हाल कम्प्यूटर ऑपरेटर संविदाकर्मी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खेतोलाई द्वारा 1700/— रूपये की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी रेंज जोधपुर **के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरविजन में ए.सी.बी. चौकी जैसलमेर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नरपत** के नेतृत्व में मय टीम के ट्रैप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री कपिल पुत्र आशाराम जाति विश्नोई उम्र 27 वर्ष निवासी खेतोलाई तहसील पोकरण जिला जैसलमेर दलाल (आरोपिया श्रीमती शारदा का पति) परिवादिया के क्लेम कार्य की प्रोत्साहन राशि के बिल वेरीफाई करने, कम्प्यूटर में अपलोड कर भुगतान करवाने की एवज में 1700/— रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। तथा आरोपिया श्रीमती शारदा विश्नोई की तलाश जारी है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।